राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/132/2024 दिनांकः– 20 जनवरी, 2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महादेय,

आप अवगत है कि वर्तमान में सत्र 2023–24 विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं संचालित है। उक्त प्रयोगात्मक परीक्षा की प्रगति के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा समीक्षा में पाया गया है कि प्रयोगात्मक परीक्षा काफी धीमी गति से सम्पादित हो रही हैं, जिसके फलस्वरूप शैक्षिक कलैण्डर के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने में विलम्ब होगा। जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता प्रकट की गयी है।

प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्पादन में अपनाई जा रही प्रक्रिया पूर्ववत् जारी रहेगी। प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक आन्तरिक परीक्षक की लॉगइन आई0डी0 से संबंधित महाविद्यालय के कम्प्यूटर से उपस्थित रहकर पूरित किए जायेगें, जिसकी हार्ड कॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी एवं आन्तरिक परीक्षक द्वारा एक प्रति विश्वविद्यालय में जमा की जायेगी।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि छात्र हित में प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जारी की गयी तिथियों को शिथिल करते हुए परीक्षकों से सामंजस्य स्थापित करते हुए दिनांक 05.02.2024 तक अनिवार्य रूप से प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

20/1/24

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संकायाध्यक्ष/संयोजक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रभारी वेबसाइट।
4. गार्ड फाईल।

20.01.24

उप कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner